लखनऊ के टेक्सटाइल पार्क को मंजूरी

लखनऊ-हरदोई सीमा पर एक हजार एकड़ में होगा निर्माण, प्रोजेक्ट को केंद्र की हरी झंडी

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। लखनऊ-हरदोई सीमा पर एक हजार एकड़ जमीन पर पीपीपी मॉडल के तहत मेगा टेक्सटाइल पार्क स्थापित किया जाएगा। इस प्रोजेक्ट को शुक्रवार को केंद्र सरकार की मंजूरी मिल गई।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को देश में सात मेगा टेक्सटाइल पार्क की स्थापना का एलान किया। इसमें संतकबीर पीएम मित्र टेक्सटाइल एंड अपैरल पार्क लि. के नाम से यूपी में स्थापित होने वाला मेगा टेक्सटाइल पार्क भी शामिल है। इस परियोजना पर करीब 1200 करोड़ रुपये की लागत आएगी। इसके जरिए 10 हजार करोड़ के निवेश होने की उम्मीद है। इस पार्क से लगभग 1 लाख प्रत्यक्ष और 2 लाख परोक्ष रोजगार सृजित होने की उम्मीद है।

लखनऊ-हरदोई की सीमा पर 1033 एकड़ जमीन पर इस पार्क को बसाया जाएगा। इसमें हरदोई और लखनऊ की सीमा पर स्थित आंटगढ़ी सौरा, अटारी, रूदानखेड़ा, विशुनपुर, जिंदाना, पारा भदराही, सालेहनगर व शाहमऊ गांव और मलिहाबाद तहसील की जमीन ली जाएगी। प्रदेश सरकार की ओर से पार्क को धरातल पर उतारने के लिए एक स्पेशल पर्पज व्हिकल (एसपीवी) का गठन किया जाएगा। हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग विभाग को इसके लिए 1033 एकड़ जमीन निशुल्क उपलब्ध कराने के लिए बीते महीने कैबिनेट ने मंजूरी दी थी। पार्क में वस्त्रोद्योग से जुड़े सभी कार्य और सुविधाएं एक ही परिसर में उपलब्ध होंगी।

तीन लाख लोगों को मिलेगा रोजगार

प्रदेश के कपड़ा उद्योग को मिलेगी नई पहचान

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ट्वीट कर पीएम नरेंद्र मोदी का आभार जताया। मुख्यमंत्री ने लिखा कि ''मेक इन इंडिया'' व ''मेक फॉर दि वर्ल्ड'' के संकल्प की सिद्धि के लिए प्रधानमंत्री मोदी का समर्पण अभिनंदनीय है। यह टेक्सटाइल पार्क प्रदेश के कपड़ा उद्योग को नई पहचान देने के साथ ही करोड़ों रुपये की निवेश संभावनाओं और लाखों रोजगारों के सृजन का कारक बनेगा।

इन शहरों में भी स्थापित होंगे पार्क

नई दिल्ली। इन पार्कों की मध्य प्रदेश के धार, महाराष्ट्र के अमरावती, तेलंगाना के वारांगल, तमिलनाडु के विरधुनगर, कर्नाटक के कलबुर्गी और गुजरात के नवसारी में भी स्थापना होगी। इनको 2027-28 तक पूरा किया जाना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को ट्विटर पर इसकी जानकारी देते हुए कहा कि ये टेक्सटाइल पार्क दुनिया के लिए भारत में बनाओ (मेक इन इंडिया और मेक फॉर द वर्ल्ड) पहल का बेहतरीन उदाहरण बनेंगे। ब्यूरो

4,445

करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है आम बजट में

5एफ को करेंगे साकार

पीएम मोदी ने कहा कि टेक्सटाइल पार्क 5एफ यानी फार्म टू फाइबर टू फैक्ट्री टू फैशन टू फॉरेन के विजन को साकार करेंगे।

- कपास की खेती से लेकर सीधे विदेश निर्यात की संकल्पना पर आधारित इन फार्मों के जरिये संबंधित राज्यों में करोड़ों रुपये का निवेश आएगा।